भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1444
दिनांक 29 जुलाई, 2025 / 07 श्रावण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

राजस्थान में सीमा गश्ती सड़कें

†1444. श्री राहुल कस्वां:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मई 2025 की स्थिति के अनुसार, पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा और भारत-बांग्लादेश सीमा पर निर्मित सड़कों की लंबाई की तुलना में राजस्थान सीमा पर निर्मित बारहमासी सीमा गश्ती सड़कों की कुल लंबाई, कितनी है;

(ख) क्या राजस्थान सीमा पर सैनिकों की तैनाती में लगने वाला औसत समय अपर्याप्त सड़कों की स्थिति, रेत के टीलों के खिसकने और कम दूरी पर अग्रिम परिचालन ठिकानों के अभाव के कारण पंजाब और जम्मू-कश्मीर में सैनिकों की तैनाती में लगने वाले समय से अधिक होता है;

(ग) क्या सरकार ने लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश और महत्वपूर्ण राजस्थान सेक्टरों में स्थायी मौसम-रोधी बंकरों और मॉड्यूलर वॉचटावरों की तैनाती पर विचार किया है, जो वर्तमान में अस्थायी चौकियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं; और

(घ) क्या सरकार ने यह आकलन करने के लिए कोई अंतर्राष्ट्रीय बेंचमार्किंग शुरु की है कि राजस्थान की सीमा पर सीमा संभार तंत्र और बुनियादी ढाँचा भारत की अधिक सघन सुरक्षा वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से पीछे क्यों है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (घ): सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढ़ाचे के विकास पर जोर देने के लिए, भारत सरकार ने अक्टूबर 2024 में राजस्थान और पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में 2280 किलोमीटर सड़कों के निर्माण को मंजूरी दी है।

******